ई–मेल / पंजीकृत

प्रेषक,

जिलाधिकारी,
बागेश्वर।

सेवा में,

रजिस्ट्रार जनरल,
मा0 राष्ट्रीय हरित अधिकरण,
फरीदकोट हाऊस, कापरनिकस मार्ग,
नई दिल्ली–110001

संख्याः–251 /तीस–खनन / एन0जी0टी0 / 2023–24 दिनांक 30/12 / 2023

विषयः– **मा0 राष्ट्रीय हरित अधिकरण,नई दिल्ली में योजित मूल वाद संख्या–627 / 2023 गोपाल चन्द्र वनवासी बनाम् औद्योगिक नीति एंव संवर्धन विभाग में मा0 राष्ट्रीय हरित अधिकरण नई दिल्ली द्वारा पारित आदेश दिनांक 12.10.2023 के अनुपालन के संबंध में।**

———

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक मा0 राष्ट्रीय हरित अधिकरण नई दिल्ली में योजित मूल आवेदन संख्या–627 / 2023 गोपाल चन्द्र वनवासी बनाम् औद्योगिक नीति एंव संवर्धन विभाग में मा0 राष्ट्रीय हरित अधिकरण नई दिल्ली द्वारा पारित आदेश दिनांक 12.10.2023 का अवलोकन करने का कष्ट करें। जिसके अंतर्गत प्रश्नगत मामले में निम्नवत आदेश पारित किये गये हैं:–

1. The grievance raised in this letter petition is that the muck which comes out from khadiya Mines is thrown in River Saryu which is affecting the free flow of the river. Further allegation is that Khutani Power Company is operating a mobile stone crusher without any sanction and company has constructed a road on the Forest/panchayat/Civil land without any permission and the mining operation in District Bageshwar and Pithoragarh boundaries are being done in violation of the EC/CET/CTO condition/ environmental norms. It is stated that Khadiya Mines and Bhutani Power Project are on the same river and at a distance of 50-150 meters.

2- A perusal of the letter petition reveals that substantial issue relating to environment is involved in the matter.

3- Hence, at this stage, we deem it proper to form a joint Committee comprising of the Member Secretary, State PCB,representative of Member Secretary,CPCB and the District Magistrate, Bageshwar. The District Magistrate, Bageshwar will act as nodal agecy for coordination and compliance. The Committee will carry out the spot inspection and ascertain truthfulness of the allegations made in the letter petition and the extent of violation of environmental laws, if any, by the Project Proponent and submit a factual report. If the allegations are found to be correct, then appropriate orders will be passed for issuing the notice to the Project Proponent before taking any further action on the report.

4- Let the report be submitted on or before the next date of hearing by e-mail at judicial-ngt@gov.in preferably in the form of searchable PDF/OCR Support PDF an not in the form of Image PDF.

5- List on 04.01.2024.

मा0 राष्ट्रीय हरित अधिकरण के आदेश दिनांक 12.10.2023 के अनुपालन में अधोहस्ताक्षरी द्वारा कार्यालय आदेश संख्या–55 / तीस–खनन–एन0जी0टी0 / 2023–24 दिनांक 19.10.2023 से उपजिलाधिकारी, बागेश्वर को अपना प्रतिनिधि नामित कर गठित समिति को मामले में संयुक्त जॉच कर आख्या उपलब्ध कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

उक्त के क्रम में उपजिलाधिकारी,बागेश्वर द्वारा अपने पत्र संख्या–432(1) / रा0अ0–खनन–एन0जी0

–2

टी0–जांच/2022–23 दिनांक 28 दिसंबर, 2023 से मा0 राष्ट्रीय हरित अधिकरण नई दिल्ली के आदेश दिनांक 12.10.2023 के अनुपालन में दिनांक 05–06 दिसंबर, 2023 को मामले में समिति द्वारा किये गये संयुक्त निरीक्षण की विस्तृत आख्या उपलब्ध कराते हुए संयुक्त निरीक्षण आख्या के पृष्ठ–04 के बिंदु संख्या–05 में यह उल्लेख किया गया है कि संयुक्त निरीक्षण के दौरान पाया गया कि पट्टाधारक द्वारा अपने खनन क्षेत्र का मलवा अपने स्वीकृत क्षेत्र से बाहर निजी नाप एवं राज्य सरकार की भूमि पर डाला गया हैं,के संबंध में अवगत कराना है कि उपजिलाधिकारी,बागेश्वर द्वारा अपने पत्र संख्या–481/रा0अ0–अवैध खनन जॉच/2022–23 दिनांक 16 दिसंबर, 2023 से पृथक से उपलब्ध करायी गयी आख्यानुसार इस कार्यालय के पत्र संख्या–228/तीस–खनन–एन0जी0 टी0/2023–24 दिनांक 21.12.2023 से निदेशक,भूतत्व एवं खनिकर्म निदेशालय,उत्तराखण्ड देहरादून को उत्तराखण्ड उप–खनिज(परिहार)नियमावली–2023 के अध्याय–5 के नियम–50 के उपनियम–12 के तहत मामले में अग्रेत्तर कार्यवाही किये जाने हेतु प्रकरण संदर्भित किया जा चुका है।(उपजिलाधिकारी,बागेश्वर के पत्र संख्या–481/रा0अ0–अवैध खनन जॉच/2022–23 दिनांक 16 दिसंबर, 2023 व कार्यालय पत्र संख्या–228/तीस–खनन–एन0जी0टी0/2023–24 दिनांक 21.12.2023 की छायाप्रति अवलोकनार्थ संलग्न है)

अतः उपर्युक्तानुसार उपजिलाधिकारी,बागेश्वर के पत्र दिनांक 28 दिसंबर, 2023 से प्राप्त समिति की संयुक्त निरीक्षण आख्या मय संलग्नकों के इस अनुरोध के साथ सेवा में सादर प्रेषित की जा रही है कि कृपया समिति की आख्या मा0 राष्ट्रीय हरित अधिकरण नई दिल्ली के समक्ष प्रस्तुत करने का कष्ट करें।

संलग्न–यथोक्त।

भवदीया,

(अनुराधा पाल)
जिलाधिकारी,बागेश्वर।

संख्या एवं दिनांक उक्तानुसार।

प्रतिलिपि, श्री आयुष नेगी,विशेष अधिवक्ता, मा0 राष्ट्रीय हरित अधिकरण,न्यायाधिकरण नई दिल्ली, उत्तराखण्ड राज्य,एल0जी0,सी0एस0–20,अन्सल प्लाजा, वैशाली,सैक्टर–1गाजियाबाद–201014 को न्याय अनुभाग–3 उत्तराखण्ड शासन के पत्र संख्या–80/xxxvi-a-3/2023/107(सा0)/2018टी0सी0 दिनांक 17 अप्रैल, 2023 के क्रम में समिति की जॉच रिपोर्ट की प्रति सहित इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि मामले में अधोहस्ताक्षरी की ओर से पैरवी करने का कष्ट करें।

संलग्न–यथोक्त।

(अनुराधा पाल)
जिलाधिकारी,बागेश्वर।

उपजिलाधिकारी बागेश्वर
328 दिनांक 29-12-23

29 DEC 2023

कार्यालय उपजिलाधिकारी, बागेश्वर।

संख्या–432(1)/रा0अ0–खनन–एन0जी0टी0–जांच / 2022–23 OC/m.c. दिनांक–28 दिसम्बर, 2023

सेवा में,

जिलाधिकारी,
बागेश्वर।

विषय– मा0 राष्ट्रीय हरित अधिकरण, नई दिल्ली में योजित मूल वाद संख्या–627 / 2023 गोपाल चन्द्र वनवासी बनाम उत्तराखण्ड राज्य व अन्य में पारित आदेश विषयक।

महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक अपने आदेश संख्या–55 / तीस–खनन–एन0जी0टी0 / 2023–24 दिनांक–19.10.2023 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। जिसमें मा0 राष्ट्रीय हरित अधिकरण, नई दिल्ली में योजित मूल वाद संख्या–627 / 2023 गोपाल चन्द्र वनवासी बनाम उत्तराखण्ड राज्य व अन्य में पारित आदेश विषयक के अनुपालन में शिकायतकर्ता के पत्र में उल्लिखित स्थलों की संयुक्त जांच कर आख्या उपलब्ध कराये जाने के निर्देश दिये गये हैं। आदेश के अनुपालन में सम्बन्धित क्षेत्र का समिति द्वारा संयुक्त निरीक्षण कर संयुक्त निरीक्षण रिपोर्ट तैयार की गयी है।

अतः पत्र के साथ संलग्न संयुक्त निरीक्षण आख्या अग्रिम कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित है।

संलग्नक यथोक्त

भवदीय,

उपजिलाधिकारी,
बागेश्वर।

मा0 राष्ट्रीय हरित अधिकरण, नई दिल्ली मे योजित

ओ0ए0 संख्या–627 / 2023 गोपाल चन्द्र वनवासी बनाम् उत्तराखण्ड राज्य व अन्य
में पारित आदेश दिनांक–12 अक्टूबर, 2023 के अनुपालन में गठित समिति की
संयुक्त निरीक्षण आख्या

1. मा0 राष्ट्रीय हरित अधिकरण नई दिल्ली में योजित ओ0ए0 संख्या–627 / 2023 गोपाल चन्द्र वनवासी बनाम् उत्तराखण्ड राज्य व अन्य में पारित आदेश दिनांक–12 अक्टूबर, 2023 को आदेश पारित किया गया, जिसके कार्यकारी अंश निम्नवत् हैं :

- *The grievance raised in this letter petition is that the muck which comes out from Khadiya Mines is thrown in River Saryu which is affecting the free flow of the river. Further allegation is that Khutani Power Company is operating a mobile stone crusher without any sanction and company has constructed a road on the Forest/Panchayat/Civil land without any permission and the mining operation in District Bagheshwar and Pithoragarh boundaries are being done in violation of the EC/CET/CTO conditions/environmental norms. It is stated that Khadiya Mines and Bhutani Power Project are on the same river and at a distance of 50-150 meters.*
- *A perusal of the letter petition reveals that substantial issue relating to environment is involved in the matter.*
- *Hence, at this stage, we deem it proper to form a joint Committee comprising of the Member Secretary, State PCB, representative of Member Secretary, CPCB and the District Magistrate, Bageshwar. The District Magistrate, Bageshwar will act as nodal agency for coordination and compliance. The Committee will carry out the spot inspection and ascertain truthfulness of the allegations made in the letter petition and the extent of violation of environmental laws, if any, by the Project Proponent and submit a factual report. If the allegations are found to be correct, then appropriate orders will be passed for issuing the notice to the Project Proponent before taking any further action on the report.*

2. मा0 राष्ट्रीय हरित अधिकरण, नई दिल्ली में योजित मूल वाद संख्या–627 / 2023 गोपाल चन्द्र वनवासी बनाम् उत्तराखण्ड राज्य व अन्य में पारित आदेश दिनांक–12 अक्टूबर, 2023 व जिलाधिकारी बागेश्वर के कार्यालय के पत्र संख्या–55 / तीस–खनन–एन0 जी0टी0 / 2023–24 दिनांक–19.10.2023 (प्रतिलिपि संल्गनित) के अनुपालन में निम्नलिखित सदस्यों को संबंधित कार्यालय द्वारा नामित किया गया –

1. श्रीमती मोनिका, उपजिलाधिकारी, बागेश्वर, उत्तराखण्ड
2. डॉ0 डी0 के0 जोशी, क्षेत्रीय अधिकारी, उत्तराखण्ड प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड, हल्दवानी, उत्तराखण्ड
3. डॉ0 देवेन्द्र कुमार सोनी, क्षेत्रीय निदेशक, केन्द्रीय प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड, क्षेत्रीय निदेशालय, लखनऊ

इस क्रम में दिनांक–05-06 दिसम्बर, 2023 को ग्राम पगना तहसील काफलीगैर जनपद, बागेश्वर अन्तर्गत स्थित खुटानी पावर प्रोजेक्ट व मै0 गणेश दत्त नैनवाल एवं मै0 भरत सिंह भाकुनी की सोप स्टोन माइनों का संयुक्त निरीक्षण किया गया। संयुक्त निरीक्षण आख्या निम्नवत् है।

3. अवलोकन –

क. निरीक्षण किये गये सोप स्टोन माइन्स एवं पावर प्रोजेक्ट के अक्षांश एवं देशान्तर स्थिति निम्न प्रकार है–

अ. मै0 खुटानी पावर प्रोजेक्ट (हाइड्रो प्रोजेक्ट), अक्षांश– 29.773576 देशान्तर–79.810439

ब. मै0 गणेश दत्त नैनवाल सोप स्टोन माइन, अक्षांश–29.782600 देशान्तर –79.817776

स. मै0 भरत सिंह भाकुनी सोप स्टोन माइन, अक्षांश–29.784891 देशान्तर–79.810439

(अ) खुटानी पावर प्रोजेक्ट (हाइडल पावर परियोजना) –

1 – खुटानी पावर प्रोजेक्ट के निरीक्षण के दौरान मौके पर प्रोजेक्ट मैनेजर श्री अशोक सिंह उपस्थित थे। प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा लिखित में अवगत कराया गया कि परियोजना का वर्तमान कार्य जनपद पिथौरागढ की तहसील गंगोलीहाट के ग्राम सिसरौली में गतिमान है। परियोजना की क्षमता 21 मेगावाट की है। जिसका कम्पनी व उत्तराखण्ड सरकार के मध्य कार्यान्वयन अनुबन्ध दिनांक–16.07.2014 को हुआ है। परियोजना का आंशिक कार्य वर्ष 2019 से प्रारम्भ हुआ है। परियोजना का बैराज सतेश्वर मन्दिर संगम से 300 मीटर डाउन स्ट्रीम में है, जो पिथौरागढ व बागेश्वर जिला की सीमा पर बनेगा। जिसका निर्माण कार्य अभी शुरू नहीं हुआ है। परियोजना के अन्य घटक जैसे इनटैक, फीडर चैनल, टनल, पेनस्टोक व पावर हाउस पिथौरागढ़ जिला अन्तर्गत आते है। वर्तमान में टनल का कार्य प्रगतिशील है। टनल से निकले वाला मलुवा निस्तारण निर्धारित मक, डम्पिंग हेतु चयनित निजी भूमि में किया जा रहा है। जिसकी नदी से दूरी 50 मीटर व अन्य घटकों का कार्य विलम्ब से आरम्भ होगा। परियोजना का मोबाईल स्टोन केशर परियोजना क्षेत्रान्तर्गत स्थापित किया जा रहा है। जिसकी क्षमता 20 टन प्रतिघंटा है। क्रेशर की अनुमति हेतु जिलाधिकारी पिथौरागढ़ के कार्यालय में आवेदन किया गया है। पूर्व में कम्पनी द्वारा मोबाईल स्टोन क्रेशर कम्पनी द्वारा खरीदा गया था। जो सड़क खराब होने के कारण परियोजना में पहुँचने से पहले खाई में गिर जाने से स्थापित नहीं हो सका। वर्तमान में क्रेशर की नीव निर्मित की जा रही है। जिलाधिकारी कार्यालय से अनुमति प्राप्त होने पर क्रेशर मशीन स्थापित की जायेगी। वर्तमान में परियोजना के निर्माण कार्य हेतु कम्पनी द्वारा जनपद बागेश्वर व पिथौरागढ़ में संचालित स्टोन क्रेशरों से उपखनिज क्रय किया जा रहा है। बागेश्वर जनपद अन्तर्गत कम्पनी का किसी प्रकार का निर्माण कार्य संचालित नहीं है। कम्पनी द्वारा जो भी कार्य परियोजना स्थल पर किया जा रहा है वह मानकों के अनुरूप किया जा रहा है। परियोजना मैनेजर द्वारा दिए गए लिखित पत्र के संबंध में स्थल निरीक्षण आख्या निम्नवत् है–

2- खुटानी पावर प्रोजेक्ट के वर्तमान परियोजना स्थल व बागेश्वर जनपद को सरयू नदी विभाजित करती है। कम्पनी का कार्य सरयू नदी के बांये तरफ जनपद पिथौरागढ में गतिमान है। मौके पर कम्पनी का स्टोन क्रेशर संचालित नहीं है। कम्पनी द्वारा स्टोन क्रेशर के पार्टस स्थल पर रखे गये है। कम्पनी द्वारा मुख्य बाध स्थल पर आवागन हेतु टनल से निकले मलुवे (Muck) से नदी किनारे कच्चा मोटर मार्ग बनाया गया है। किन्तु नदी में किसी प्रकार का खनन सामग्री व मलुवा नहीं डाला गया है और न ही नदी का मार्ग अवरूद्ध किया गया है। परियोजना स्थल पर सरयू नदी का पानी प्रदूषित होना नहीं पाया गया।

3- मै0 खुटानी पावर कम्पनी प्रा0 लि0 द्वारा ग्राम बनकोट तहसील गणाई–गंगोली, जनपद पिथौरागढ के अन्तर्गत 21 मेगावाट क्षमता का निर्माण कार्य उत्तराखण्ड शासन से प्राप्त स्वीकृति पत्र दिनांक–10.05.2019 एवं भारत सरकार पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के क्षेत्रीय कार्यालय (उत्तर मध्य क्षेत्र) के पत्रांक–8 बी0/यूसीसी/01/38/2018/एफ0सी0/2183 दिनांक–17.01.2019 द्वारा प्रदत्त की गयी स्वीकृति के अनुक्रम में किया जा रहा है। कम्पनी द्वारा परियोजना स्थल पर निर्माण कार्य एवं अन्य गतिविधिया 40 वर्षो की लीज पर आवंटित की गयी 03.52 है0 वन भूमि में किया जा रहा है। चूंकि कम्पनी का वर्तमान निर्माणकार्य जनपद पिथौरागढ क्षेत्र में संचालित है, जिस कारण वन भूमि एवं अन्य सार्वजनिक उपयोग की भूमि के संबंध जांच आख्या जनपद पिथारौगढ से प्राप्त की जानी उचित होगी। (प्रतिलिपि संल्गनित)

4- निर्माणाधीन विद्युत परियोजना केन्द्रीय प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड के अन्तर्गत आने वाले गतिविधियों में मिनी हाईडिल पावर 25 मेगावाट से कम सफेद श्रेणी में आच्छादित है। सफेद श्रेणी के अन्तर्गत आच्छादित इकाईयों को राज्य बोर्ड से संचालनार्थ सहमति प्राप्त किये जाने की व्यवस्था से बाहर रखा गया है। सदर्भित विद्युत परियोजना 21 मेगावाट क्षमता की है, जिसे कि Environment Impact Assessment EIA Notification 2006 में वर्णित प्रावधानों के अनुसार पर्यावरणीय स्वीकृति (ई0सी0) प्राप्त करने की आवश्यकता नहीं है। परियोजना को उत्तराखण्ड प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड के द्वारा स्थापनार्थ सहमति (सी0टी0ई0) पत्रांक संख्या–यू0ई0पी0पी0सी0वी0/एच0ओ0/एन0ओ0सी0–7298/2019/1707 दिनांक–28.01.2020 द्वारा 05 वर्ष हेतु निर्गत की गयी है। (प्रतिलिपि संल्गनित)

5- निरीक्षण के दौरान प्रोजेक्ट निर्माणाधीन पाया गया तथा परियोजना का मलवा निस्तारण स्थल–01 बटगैरी के पास राज्य बोर्ड से बिना स्थापनार्थ सहमति प्राप्त किये स्टोन क्रेशर का रैम्प एवं डक यार्ड स्थापित पाया गया तथा जॉ क्रेशर, कन्वेयर तथा स्टोर क्रेशर के अन्य भाग स्थल पर रखे पाये गये। जिस संबंध में परियोजना के विरूद्ध पर्यावरणीय क्षतिपूति आरोपित किये जाने की संस्तुति पृथक से बोर्ड मुख्यालय प्रेषित् गयी है। निसीक्षण के दौरान संदर्भित स्थल पर स्टोन क्रेशर स्थापित/संचालित नहीं पाया गया तथा परियोजना से निकट सरयू नदी में किसी प्रकार का मलवा जाना दृष्टिगोचर नहीं हुआ।

6- कम्पनी की प्रस्तावित परियोजना सरयू नदी के दांये व बांये पार्श्व में जनपद बागेश्वर व पिथौरागढ में स्वीकृत है। वर्तमान में कम्पनी द्वारा अपने सभी निर्माण कार्य एवं अन्य गतिविधियां जनपद पिथौरागढ़ अन्तर्गत की जा रही है। जनपद बागेश्वर अन्तर्गत कम्पनी का किसी प्रकार का निर्माण कार्य संचालित नहीं है। जिसके कारण परियोजना से सम्बन्धित अन्य विस्तृत जानकारी एवं तथ्य जनपद पिथौरागढ से प्राप्त किये जा सकते हैं।

(ब) मै0 गणेश दत्त नैनवाल सोप स्टोन माइन–

1- मै0 गणेश दत्त नैनवाल की सोप स्टोन माइन ग्राम पगना तहसील काफलीगैर में स्थित है तथा खुटानी पावर प्रोजेक्ट (हाइड्रो प्रोजेक्ट) से गूगल मैप के अनुसार 1.4 कि0मी0 की दूरी पर स्थित है। पट्टाधारक की सोप स्टोन माइन 12.418 है0 भूमि पर स्वीकृत है। वर्तमान में मौके पर सोप स्टोन का खनन कार्य नहीं हो रहा था।

2- पटटाधारक को उत्तराखण्ड शासन औद्योगिक विकास खनन अनुभाग–1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या–2328/VII-A-I/2021/135 क/2014 देहरादून दिनांक–05.01.2022 द्वारा जनपद बागेश्वर की तहसील काफलीगैर के ग्राम पगना में कुल रकवा 12.418 है0 भूमि में सोप स्टोन का खनन पट्टा 50 वर्ष की अवधि हेतु स्वीकृत किया गया है। पट्टाधारक को राज्य स्तरीय पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण, देहरादून, उत्तराखण्ड के ई0सी0 नम्बर–224–01(107)/2019 दिनांक–25.05.2021 द्वारा अनुमानित मात्रा 26330 टन प्रतिवर्ष खनन हेतु पर्यावरणीय स्वीकृति प्रदान की गयी है। खनन योजना एवं उत्तरोतर खान बन्द करने की योजना कार्यालय निर्देशक भूतत्व एवं खनिकर्म इकाई, देहरादून के पत्र संख्या–मुख्य खनिज/खनन योजना–163/भू0खनि0 ई0/2019–20 दिनांक–21.06.2019 द्वारा 50 वर्ष की अवधि हेतु स्वीकृत की गयी है। (प्रतिलिपि संल्गनित)

3- संयुक्त निरीक्षण के दौरान पाया गया कि खनन क्षेत्र में पूर्व से निस्तारित मलवा उचित रिटेनिंग वाल के अभाव में खनन क्षेत्र से बाहर सरयू नदी के तट पर तथा ढलावदार भू–भाग में गिरा हुआ पाया गया तथा पट्टाधारक द्वारा माईनिंग क्षेत्र में वर्षा जल के निस्तारण हेतु उचित व्यवस्था नहीं की गयी है। वर्षा/भूस्खलन के कारण मलवा खनन पट्टा क्षेत्र से

बाहर सरयू नदी में जाने से नदी के जल की गुणवत्ता/परिस्थितिकी तंत्र (Ecology) को प्रभावित कर सकता है। संयुक्त निरीक्षण के दौरान पाया गया है कि पट्टाधारक ने खनन प्रक्रिया का नियमानुसार अनुपालन नही किया है। निरीक्षण के दौरान खनन क्षेत्र से सरयू नदी के डाउन स्ट्रीम से जल नमनू ा एकत्रित किया गया। जो Designated Best Use Water Quality Criteria के अनुसार श्रेणी बी के अन्तर्गत पाया गया। **(जाँच रिपोर्ट प्रतिलिपि संल्गनित)** पट्टाधारक द्वारा खनन क्षेत्र से निकलने वाले अथवा निकले हुए मलबे का उचित निस्तारण सक्षम अधिकारी अथवा एजेंसी की उपस्थिति में पट्टेधारक के खर्च से मानसून आने से पहले करवाना अति आवश्यक है तथा जब तक पट्टाधारक द्वारा स्थल पर मलबा निस्तारण की उचित व्यवस्था नहीं की जाती तब तक पट्टाधारक की खनन संक्रियाओं पर अस्थाई रोक लगाना उचित होगा। संयुक्त समिति के द्वारा नदी के मक्तु प्रवाह में कोई महत्वपूर्ण अवरोध निरीक्षण के दौरान नहीं पाया गया।

4– पट्टाधारक को उत्तराखण्ड प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड के पत्रांक यू0के0पी0सी0बी0/एच0ओ0/एन0ओ0 सी0–7352/2021/911 दिनांक–05.11.2021 द्वारा स्थापनार्थ सहमति तथा उत्तराखण्ड प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड के कार्यालय पत्रांक–यू0के0पी0सी0बी0/एच0ओ0/सहमति/जी–236/2022/1413 दिनांक–24.11.2021 द्वारा दिनांक–31.03.2023 तक संचालनार्थ सशर्त सहमति प्राप्त है। इकाई द्वारा पर्यावरणीय स्वीकृति तथा पूर्व निर्गत सचांलनार्थ सहमति का अनुपालन संयुक्त निरीक्षण के दौरान न किये जाने के कारण उत्तराखण्ड प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड की ऑनलाईन व्यवस्था में पट्टाधारक के सहमति नवीनीकरण आवेदन को उत्तराखण्ड प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड, देहरादून अस्वीकृत कर दिया गया है। उक्त के अतिरिक्त पट्टाधारक श्री गणेश दत्त नैनवाल ग्राम पगना तहसील काफलीगैर के विरूद्ध पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति आरोपित किये जाने हेतु घटक तथा कारण बताओ नोटिस निर्गत किये जाने की संस्तुति उत्तराखण्ड प्रदूषण नियन्त्रण, देहरादून के प्रेषित की गयी है। **(प्रतिलिपि संल्गनित)**

5– संयुक्त निरीक्षण के दौरान पाया गया कि पट्टाधारक द्वारा अपने खनन क्षेत्र का मलवा अपने स्वीकृत क्षेत्र से बाहर निजी नाप एवं राज्य सरकार की भूमि पर डाला गया है। जिस कारण उत्तराखण्ड शासन औद्योगिक अनुभाग–1 के शासनादेश संख्या–977/VII-A-1/2023–24 ख/2007 देहरादून दिनांक–16 जून, 2023 द्वारा जारी अधिसूचना के अध्याय 5 के नियम 50 के उपनियम 12 में उल्लिखित प्रावधान के अनुसार पट्टाधारक पर रूपया 05.00 लाख जुर्माना लगाये जाने की आख्या जिलाधिकारी बागेश्वर को प्रेषित की जा चुकी है। **(प्रतिलिपि संल्गनित)**

6– पट्टेधारक द्वारा निकाली गई खनिज का लेखा. जोखा का सत्यापन भी खनिज अधिकारी के द्वारा होना आवश्यक है।

(स) मै0 भरत सिंह भाकुनी पुत्र आनन्द सिंह भाकुनी सोप स्टोन माइन–

1– मै0 भरत सिंह भाकुनी श्री आनन्द सिंह भाकुनी तहसील रोड के नाम ग्राम पगना तहसील काफलीगैर अन्तर्गत 04.944 है0 भूमि पर सोप स्टोन का खनन पट्टा स्वीकृत है। निरीक्षण के दौरान स्थल पर खनन कार्य होना पाया गया।

2– पट्टाधारक को उत्तराखण्ड शासन के औद्योगिक विकास खनन अनुभाग–1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या– 2209/VIIA-1/2021/121 ख/04 देहरादून दिनांक–05.01.2022 द्वारा जनपद बागेश्वर के ग्राम पगना तहसील काफलीगैर में कुल रकवा 04.944 है0 भूमि में खनन का पट्टा 25 वर्ष की अवधि हेतु स्वीकृत किया गया है। पट्टाधारक को राज्य स्तरीय

2- पट्टाधारक को उत्तराखण्ड शासन के औद्योगिक विकास खनन अनुभाग–1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या–2209/VII-A-1/2021/121 ख/04 देहरादून दिनांक–05.01.2022 द्वारा जनपद बागेश्वर के ग्राम पगना तहसील काफलीगैर में कुल रकवा 04.944 है0 भूमि में खनन पट्टा 25 वर्ष की अवधि हेतु स्वीकृत किया गया है। पट्टाधारक को राज्य स्तरीय पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण, देहरादून, उत्तराखण्ड के ई0सी0 नम्बर–256–01(95)/2019 दिनांक–31.07.2021 द्वारा अनुमानित मात्रा–47782 टन प्रतिवर्ष हेतु पर्यावरणीय स्वीकृति प्रदान की गयी है। **(प्रतिलिपि संलग्नित)**

3- पट्टाधारक को उत्तराखण्ड प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड, देहरादून के पत्रांक–यू0के0पी0सी0बी0/एच0ओ0/एन0ओ0 सी0–7327/2021/11424 दिनांक–09.11.2021 द्वारा स्थापनार्थ सहमति तथा प्रदूषण मुख्यालय के पत्रांक–यू0के0 पी0 सी0बी0/एच0ओ0/सहमति/बी–195/2022/1240 दिनांक–18.10.2022 द्वारा दिनांक–31.03.2027 तक खनन पट्टा संचालनार्थ हेतु सशर्त सहमति प्राप्त है। **(प्रतिलिपि संलग्नित)**

4- संयुक्त निरीक्षण के दौरान पाया गया कि पट्टाधारक द्वारा अपने खनन कार्य से उत्खनित मलवा अपने खनन क्षेत्र में ही निस्तारित किया जा रहा है। खनन क्षेत्र का मलवा सरयू नदी की ओर निस्तारित होना नहीं पाया गया। खनन क्षेत्र के डाउन स्ट्रीम में प्रभावित सरयू नदी से जल का नमूना एकत्रित किया गया। जिसकी विश्लेषण आख्यानुसार जो Designated Best Use Water Quality Criteria के अनुसार श्रेणी बी के अन्तर्गत है। **(जाँच रिपोर्ट प्रतिलिपि संलग्नित)** पट्टाधारक के खनन कार्य से न ही सरयू नदी का जल प्रदूषित हो रहा है और न ही नदी की धारा अवरूद्ध हो रही है।

अतः उपर्युक्तानुसार संयुक्त निरीक्षण आख्या अग्रिम कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित है।

श्रीमती मोनिका उपजिलाधिकारी, बागेश्वर, उत्तराखण्ड	डॉ0 डी0 के0 जोशी, क्षेत्रीय अधिकारी, उत्तराखण्ड प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड, हल्दवानी, उत्तराखण्ड	27/12/23 डॉ0 देवेन्द्र कुमार सोनी, क्षेत्रीय निदेशक, केन्द्रीय प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड, क्षेत्रीय निदेशालय, लखनऊ

फोटोग्राफ



फोटो 1: मैसर्स खुटानी पावर प्रोजेक्ट साइट एवं नदी का मुक्त प्रवाह



फोटो 2: मैसर्स खुटानी पावर प्रोजेक्ट साइट : टनल निर्माण

फोटो 3: संयुक्त समिति ने मै0 गणेश दत्त नैनवाल सोप स्टोन माइन की साइट का दौरा किया

फोटो 4: मै0 गणेश दत्त नैनवाल सोप स्टोन माइन साइट : निर्धारित प्रक्रिया का पालन न होना



फोटो 5: मै0 गणेश दत्त नैनवाल सोप स्टोन माइन साइट

फोटो 6: मै0 गणेश दत्त नैनवाल सोप स्टोन माइन द्वारा नदी के किनारे फेंका गया मलबा



फोटो 7: मै0 गणेश दत्त नैनवाल सोप स्टोन माइन द्वारा नदी के किनारे मलबा फेंका गया



फोटो 8: मै0 गणेश दत्त नैनवाल सोप स्टोन माइन के किनारे नदी का मुक्त प्रवाह की स्थिति

फोटो 9: मै0 भरत सिंह भाकुनी पुत्र आनन्द सिंह भाकुनी सोप स्टोन माइन साइट



फोटो 10: मै0 भरत सिंह भाकुनी पुत्र आनन्द सिंह भाकुनी सोप स्टोन माइन के किनारे नदी का मुक्त प्रवाह और नदी के किनारे खदानों का कोई मलबा नहीं

आदेश

मा0 राष्ट्रीय हरित अधिकरण,नई दिल्ली में योजित मूल आवेदन संख्या–627/2023 गोपाल चन्द्र वनवासी बनाम् औद्योगिक नीति एवं संवर्धन विभाग में मा0 राष्ट्रीय हरित अधिकरण,नई दिल्ली द्वारा दिनांक 12.10.2023 को निम्नवत आदेश पारित किये गये हैं:–

1. The grievance raised in this letter petition is that the muck which comes out from khadiya Mines is thrown in River Saryu which is affecting the free flow of the river. Further allegation is that Khutani Power Company is operating a mobile stone crusher without any sanction and company has constructed a road on the Forest/panchayat/Civil land without any permission and the mining operation in District Bageshwar and Pithoragarh boundaries are being done in violation of the EC/CET/CTO condition/ environmental norms. It is stated that Khadiya Mines and Bhutani Power Project are on the same river and at a distance of 50-150 meters.

2. A perusal of the letter petition reveals that substantial issue relating to environment is involved in the matter.

3. Hence, at this stage, we deem it proper to form a joint Committee comprising of the Member Secretary, State PCB,representative of Member Secretary,CPCB and the District Magistrate, Bageshwar. The District Magistrate, Bageshwar will act as nodal agecy for coordination and compliance. The Committee will carry out the spot inspection and ascertain truthfulness of the allegations made in the letter petition and the extent of violation of environmental laws, if any, by the Project Proponent and submit a factual report. If the allegations are found to be correct, then appropriate orders will be passed for issuing the notice to the Project Proponent before taking any further action on the report.

4. Let the report be submitted on or before the next date of hearing by e-mail at judicial-ngt@gov.in preferably in the form of searchable PDF/OCR Support PDF an not in the form of Image PDF.

5. List on 04.01.2024.

उपरोक्त आदेश के अनुसार सदस्य–सचिव,केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, के प्रतिनिधि, सदस्य–सचिव, उत्तराखण्ड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड देहरादून के प्रतिनिधि व जिला मजिस्ट्रेट बागेश्वर की संयुक्त समिति गठित की गयी है जो याचिका/शिकायती पत्र में अंकित आरोपों की सत्यता एवं परियोजना प्रस्तावक द्वारा पर्यावरण कानूनों के उल्लंघन की सीमा, यदि कोई हो पता लगायेगी तथा तथ्यात्मक रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। मामले में जिला मजिस्ट्रेट,बागेश्वर को समन्वय एवं अनुपालन हेतु नोडल एजेंसी नामित किया गया है। मा0 राष्ट्रीय हरित अधिकरण नई दिल्ली द्वारा सुनवाई की तिथि दिनांक 04.01.2024 से पूर्व आख्या प्रस्तुत किये जाने के निर्देश दिये गये हैं।

मा0 राष्ट्रीय हरित अधिकरण,नई दिल्ली के आदेश दिनांक 12.10.2023 के अनुपालन में अधोहस्ताक्षरी के प्रतिनिधि के रूप में गठित समिति में उपजिलाधिकारी,बागेश्वर को नामित किया जाता है।

प्रकरण में निम्नानुसार गठित समिति मा0 एन0जी0टी0 के आदेश दिनांक 12.10.2023 के अनुपालन में मौके के संयुक्त निरीक्षण करने उपरांत अपनी तथ्यात्मक आख्या एक माह के भीतर अनिवार्य रूप से इस कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेगी:–

1. उपजिलाधिकारी,बागेश्वर।
2. सदस्य–सचिव, केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के प्रतिनिधि।
3. सदस्य–सचिव, राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के प्रतिनिधि।

उपजिलाधिकारी,बागेश्वर संबंधित अधिकारियों से आपसी समन्वय स्थापित कर मा0 राष्ट्रीय हरित अधिकरण, नई दिल्ली के आदेश दिनांक 12.10.2023 के अनुपालन में प्रकरण में संयुक्त निरीक्षण की तिथि नियत

–2

नियत कर समिति की सुस्पष्ट तथ्यात्मक आख्या निर्धारित समयावधि के भीतर कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। आदेश तत्काल प्रभाव से प्रभावी होगा।

प्रकरण मा0 राष्ट्रीय हरित अधिकरण,नई दिल्ली के आदेश दिनांक 12.10.2023 के अनुपालन से संबंधित है। अतः इसे सर्वोच्च प्राथमिकता देवें।

(अनुराधा पाल)
जिलाधिकारी,बागेश्वर।

कार्यालय जिलाधिकारी बागेश्वर

संख्याः–55 /तीस–खनन–एन0जी0टी0/2023–24 दिनांक 19 / 10 / 2023

प्रतिलिपि निम्नांकितों को उपरोक्तानुसार सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. सदस्य सचिव, केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ,वन एवं जलवायु पर्यावरण मंत्रालय,भारत सरकार,नई दिल्ली को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि मा0 एन0जी0टी0 के आदेश दिनांक 12.10.2023 के अनुपालन में उक्त समिति में प्रतिनिधि नामित करने का कष्ट करें।
2. सदस्य सचिव, उत्तराखण्ड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, गौरा देवी भवन 46 बी आई0टी0 पार्क,सहस्त्रधारा रोड, देहरादून, उत्तराखण्ड को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि कि मा0 एन0जी0टी0 के आदेश दिनांक 12.10.2023 के अनुपालन में उक्त समिति में प्रतिनिधि नामित करने का कष्ट करें।
3. उपजिलाधिकारी,बागेश्वर को मा0 राष्ट्रीय हरित अधिकरण नई दिल्ली के आदेश दिनांक 12.10.2023 की छायाप्रति सहित।

(अनुराधा पाल)
जिलाधिकारी,बागेश्वर।

कार्यालय उपजिलाधिकारी, बागेश्वर।

संख्या– 432/रा0अ0–अवैध खनन जॉच/2022–23 दिनांक– 16 नवम्बर, 2023

01. क्षेत्रीय निदेशक, केन्द्रीय प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड, क्षेत्रीय निदेशालय, लखनऊ।
02. उपनिदेशक/ज्येष्ठ खान अधिकारी, भूत्तव एवं खनिकर्म इकाई, बागेश्वर।
03. भू वैज्ञानिक भूत्तव एवं खनिकर्म इकाई, बागेश्वर।

विषय– मा0 राष्ट्रीय हरित अधिकरण, नई दिल्ली में योजित मूल वाद संख्या–627/2023 गोपाल चन्द्र बनवासी बनाम् उत्तराखण्ड राज्य व अन्य में पारित आदेश विषयक।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक जिलाधिकारी महोदया के आदेश संख्या–55/तीस–खनन–एन0जी0टी0/2023–24 दिनांक–19.10.2023 का सन्दर्भ ग्रहण करें। जिसमें मा0 राष्ट्रीय हरित अधिकरण, नई दिल्ली में योजित मूल वाद संख्या–627/2023 गोपाल चन्द्र बनवासी बनाम् उत्तराखण्ड राज्य व अन्य में पारित आदेश के अनुपालन में सम्बन्धित क्षेत्र का संयुक्त निरीक्षण कर संयुक्त जॉच आख्या एक माह के भीतर उपलब्ध कराये जाने का उल्लेख किया गया है। मा0 हरित अधिकरण एवं जिलाधिकारी महोदया के आदेश के अनुपालन में उक्त निर्माण एवं खनन क्षेत्र के संयुक्त निरीक्षण हेतु दिनांक–**04.12.2023** को समय पूर्वान्ह **11.30** बजे की तिथि नियत की जाती है।

अतः आपसे अपेक्षा है कि आप नियत तिथि को उक्त खनन क्षेत्र का संयुक्त निरीक्षण किये जाने हेतु मौका स्थल/खनन क्षेत्र में आवश्यक रूप से उपस्थित रहने का कष्ट करें।

संलग्नक यथोक्त

उपजिलाधिकारी,
बागेश्वर।

प्रतिलिपि– 01. क्षेत्रीय अधिकारी, उत्तराखण्ड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, आवास विकास कालोनी, हल्द्वानी के इस आशय का साथ प्रेषित की उक्त निरीक्षण तिथि को मौका स्थल पर उपस्थित रहते हुए निरीक्षण उपरान्त संयुक्त निरीक्षण रिपोर्ट तैयार कर प्रस्तुत करने का कष्ट करेंगे।

02. तहसीलदार काफलीगैर को इस आशय से प्रेषित की संयुक्त निरीक्षण तिथि को मय अभिलेख मौका स्थल पर उपस्थित रहने का कष्ट करें।

उपजिलाधिकारी,
बागेश्वर।

मा0 राष्ट्रीय हरित अधिकरण, नई दिल्ली में योजित मूल वाद संख्या–627/2023 गोपाल चन्द्र वनवासी बनाम् उत्तराखण्ड राज्य व अन्य में पारित आदेश के कम में खुटानी पावर कम्पनी एवं आस–पास के अन्य खनन पट्टों की जांच हेतु दिनांक–05.12.2023 को उपस्थित अधिकारी/कर्मचारियों का विवरण।

क्रम संख्या	अधिकारी/कर्मचारी का नाम	विभाग का नाम	हस्ताक्षर	मोबाईल नम्बर
01	डा0 डी0के0 सोनी, वैज्ञानिक, CPCB, RDLko	CPCB, RD, Lko		9794996946
02	मोनिका S.D.M.	राजस्व		
03	डा0 डी0के0 जोशी क्षेत्रीय अधिकारी	UKPCB		
04	वीरेन्द्र सिंह खान अधिकारी	भूतत्व व खनिकर्म बागेश्वर		
05	दीपिका आर्या तहसीलदार	राजस्व		
06	पुष्कर सिंह	राजस्व		
07	सुशील कुमार रा0उ0नि	ऐ —		
08	सुरेश राठौर	ऐ —		
09	जसपाल सिंह सर्वेयर	खनन विभाग		
10	सुनील दत्त भू–वैज्ञानिक	ऐ —		
11	शुभम गुसाईं UKPCB	UKPCB		
12	विजय कुमार मिश्र	CPCB RD, Lko		
13	गणेश दत्त मैनवाल	पट्टाधारक मैनवाल माईन		
14	भरत भाकुनी पट्टाधारक	पट्टाधारक भाकुनी माईन		
15	अशोक कुमार	मैनेजर खुटानी पावर प्रोजेक्ट		

भारत सरकार
पर्यावरण, वन एवं जलवायू परिवर्तन मंत्रालय
क्षेत्रीय कार्यालय (उत्तर–मध्य क्षेत्र)
25 सुभाष रोड, देहरादून–248001
दूरभाष: 0135–2650809
फैक्स–0135–2653010
ईमेल - moef.ddn@gov.in

GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF ENVIRONMENT,FOREST & CLIMATE CHANGE
REGIONAL OFFICE (NORTH CENTRAL ZONE)
25 SUBASH ROAD, DEHRADUN-248001
PHONE- 0135-2650809
FAX- 0135-2653010
Email- moef.ddn@gov.in

पत्र सं0 8बी/यू.सी.पी/01/38/2018/एफ.सी/2183 दिनॉक: 17/01/2019

सेवा में,

अपर मुख्य सचिव (वन),
उत्तराखण्ड शासन, सुभाष रोड,
देहरादून।

विषय: पिथौरागढ़ एवं बागेश्वर के अन्तर्गत 21 मेगावाट क्षमता की खुटानी लघ–जल विद्युत परियोजना के निर्माण हेतु 3.52 है0 वन भूमि का खुटानी पॉवर कम्पनी प्रा0लि0 को 40 वर्षो की लीज पर दिया जाना। **(Online Proposal No. FP/UK/ HYD/17611/2016).**

सन्दर्भ: वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, उत्तराखण्ड शासन की पत्र संख्या–1598/FP/UK/HYD/17611/2016 दिनांक 17.12.2018

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषय पर ऑनलाइन प्रस्ताव संख्या FP/UK/HYD/17611/2016 का आशय ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा राज्य सरकार ने विषयांकित प्रस्ताव पर वन संरक्षण अधिनियम, 1980 की धारा–2 के तहत भारत सरकार की स्वीकृति मांगी थी।

प्रश्नगत प्रकरण में इस कार्यालय के समसंख्यक पत्र दिनांक– 29.08.2018 द्वारा सैद्धान्तिक स्वीकृति प्रदान की गयी थी जिसमें उल्लिखित शर्तों की अनुपालना आख्या वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, उत्तराखण्ड के उपरोक्त संदर्भित पत्र द्वारा प्रस्तुत की गयी है। राज्य सरकार के प्रस्ताव पर ध्यानपूर्वक विचार करने के उपरान्त मुझे आपको यह सूचित करने का निर्देश हुआ है कि केन्द्र सरकार **जनपद–पिथौरागढ़ एवं बागेश्वर के अन्तर्गत 21 मेगावाट क्षमता की खुटानी लघु–जल विद्युत परियोजना के निर्माण हेतु 3.52 है0 वन भूमि का खुटानी पॉवर कम्पनी प्रा0लि0 को 40 वर्षो की लीज पर दिया जाने** हेतु विधिवत् स्वीकृति निम्नलिखित शर्तों पर प्रदान करती है:–

1. वन भूमि की विधिक स्थिति बदली नहीं जाएगी।
2. प्रयोक्ता अभिकरण के व्यय पर वन विभाग द्वारा प्रत्यावर्तित भूमि के बदले प्रस्तावित 7.04 है0 ग्राम–भानमती सिविल एवं सोयम भूमि पर क्षतिपूरक वृक्षारोपण एवं 07 से 10 वर्षो तक रखरखाव किया जाएगा। प्रतिपूरक वृक्षारोपण हेतु चयनित भूमि को छः माह के अन्दर भारतीय वन अधिनियम, 1927 के अर्न्तगत आरक्षित/संरक्षित वन घोषित किया जायेगा तथा नोडल अधिकारी द्वारा अधिसूचना की एक प्रति क्षेत्रीय कार्यालय को प्रेषित की जाएगी। प्रतिपूरक वृक्षारोपण इस पत्र के जारी होने की तिथि से एक से दो वर्षो के अन्दर पूर्ण किया जाना आवश्यक होगा।
3. एन.पी.वी. की दरो में अगर बढ़ोतरी होती है तो प्रयोक्ता अभिकरण बढ़ी दरों पर एन.पी.वी. देने के लिए बाध्य होगा।
4. प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा प्रस्तावित वन क्षेत्र के आस–पास मजदूरों/स्टॉफ के लिये किसी भी प्रकार का लेबर कैम्प नहीं लगाया जायेगा।
5. प्रयोक्ता अभिकरण के द्वारा निर्माण कार्य के दौरान स्थल पर कार्यरत मजदूरों एवं स्टॉफ के लिये रसोई गैस/कैरोसिन तेल की आपूर्ति की जायेगी, जिससे निकटवर्ती वनो को क्षति न पहुँचे।
6. परियोजना के निर्माण व रख–रखाव के दौरान आस–पास के क्षेत्र की वनस्पतियों एवं जीव–जन्तुओं को किसी प्रकार की क्षति नहीं पहुचायी जायेगी।

7. निर्माण कार्यों के पूर्ण होने के पश्चात् जहां–जहां सभंव हो, परियोजना क्षेत्र के रिक्त स्थानो पर प्रयोक्ता अभिकरण द्वारा अपने व्यय पर वन विभाग की देख–रेख मे उपयुक्त प्रजाति के पौधों का रोपण किया जायेगा।
8. वन भूमि का प्रयोग प्रस्ताव में दिये गये layout plan में दर्शाये गये उद्देश्य के अलावा अन्य किसी उद्देश्य के लिए नही किया जायेगा तथा किसी भी परिस्थिति में इस वन भूमि को किसी अन्य संस्था, विभाग या व्यक्ति के पक्ष में भारत सरकार की पूर्व अनुमति के बिना Transfer नहीं किया जाएगा।
9. कम से कम वृक्षों का कटान/पातन किया जाएगा, जिनकी संख्या प्रस्ताव के अनुसार 35 trees (33 in Bageshwar FD & 2 in Pithoragarh FD) से अधिक न हो।
10. State Govt. will issue final G.O after submitting the CA scheme of Rs. 19, 61,802/-, in original.
11. The user agency shall undertake afforestation along the periphery of the reservoir and canals (as applicable).
12. The User Agency shall obtain the Environment Clearance as per the provisions of the Environmental (Protection) Act, 1986, if required.
13. The User Agency shall carry out muck disposal at pre-designated sites in such a manner so as to avoid its rolling down.
14. The dumping area for muck disposal shall be stabilized and reclaimed by planting suitable species by the user agency at the cost of project under the supervision of State Forest Department. Retaining walls and terracing shall be carried out to hold the dumping material in place. Stabilization and reclamation of such dumping sites shall be completed before handing over the same to the State Forest Department in a time bound manner as per Plan.
15. State Govt. shall ensure that the user agency shall comply the provisions of the all Rules, Regulation and Guidelines issued for laying transmission line in forest areas the time being in force, as applicable to the project.
16. The boundary of the forest land being diverted shall be demarcated on ground at the project cost, by erecting four feet high reinforced cement concrete pillars, each inscribed with its serial number, DGPS coordinates, forward and back bearing and distance from adjoin pillars etc.
17. The User Agency and the State Govt. shall ensure compliance to provisions of all Acts, Rules Regulations and Guidelines, for the time being in force, as applicable to the Project.
18. User Agency shall submit the annual self compliance report on the conditions stipulated in the approval to the State Government and the concerned Regional Office of this Ministry.
19. ऐसी अन्य कोई भी शर्त जो कि भारत सरकार भविष्य में पर्यावरण, वन एवं वन्य जीवों के संरक्षण हेतु आवश्यक समझें।

यदि विधिवत् स्वीकृति में दी गई शर्तो का संतोषजनक अनुपालन नहीं किया जाता है तो स्वीकृति को तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जा सकता है।

भवदीय,

17/11/09

(डॉ0 योगेश गैरोला)
तकनीकी अधिकारी (वानिकी)

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवष्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः

1. अपर वन महानिदेशक (एफ0सी0), पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, इन्दिरा पर्यावरण भवन, जोरबाग रोड, अलीगंज, नई दिल्ली।
2. अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण, इन्दिरा नगर फारेस्ट कालोनी, देहरादून, उत्तराखण्ड
3. आदेश पत्रावली।

(डॉ0 योगेश गैरोला)
तकनीकी अधिकारी (वानिकी)

मुख्यालय
उत्तराखण्ड पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड
"गौरा देवी पर्यावरण भवन"
46बी, आई.टी. पार्क, सहस्त्रधारा रोड़, देहरादून-248001

पत्रांक-यूईपीपीसीबी/एचओ/एनओसी-7298/2019/ 1707 दिनांक 28.1.2020

Registered/AD

सेवा में,

M/s Khutani Power Company Pvt. Ltd.,
Vill-Bankot, Teh-Pithoragarh,
Distt-Pithoragarh.

PCB ID : 19655
CTE : Fresh
Outward No-

विषय :- पर्यावरणीय प्रदूषण की दृष्टि से पूर्व में स्थापित इकाई को क्षमता विस्तारीकरण हेतु स्थापनार्थ सहमति पत्र (Consent to Establish) निर्गमन।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक आपके आवेदन पत्र दिनांक 27.11.2019 **(INWARD : 244310)** एवं तत्सम्बन्धी क्षेत्रीय कार्यालय की निरीक्षण आख्या एवं संस्तुति का बोर्ड मुख्यालय में परीक्षण किया गया एवं परीक्षणोपरान्त लिए गए निर्णय के क्रम में उद्योग को पर्यावरणीय प्रदूषण के दृष्टिकोण से निम्नलिखित विशिष्ट शर्तो एवं सामान्य शर्तो के समुचित अनुपालन की शर्त के साथ सशर्त स्थापनार्थ सहमति पत्र निर्गत किया जाता है।

1- यह स्थापनार्थ सहमति पत्र निम्नलिखित विशिष्ट विवरणों के लिए ही निर्गत किया जा रहा है :-

(क) स्थल :	Vill-Bankot, Teh-Pithoragarh, Distt-Pithoragarh.
(ख)उत्पादन	Generation of Electricity- 7x3=21MWH
(ग) मुख्य कच्चे माल :	----
(घ) औद्योगिक उत्प्रवाह :	NIL
(ङ.) प्रयुक्त ईंधन :	NIL

उपर्युक्त विषय वस्तु में किसी भी प्रकार से परिवर्तन करने पर पुनः स्थापना हेतु सहमति पत्र प्राप्त करना आवश्यक होगा।

2- उद्योग में सभी आवश्यक यन्त्र, संयंत्र, हरित पट्टिका, उत्प्रवाह शुद्धिकरण संयंत्र तथा वायु प्रदूषण नियन्त्रण की व्यवस्था की स्थापना में की गई प्रगति रिपोर्ट इस कार्यालय में प्रत्येक माह की दसवीं तारीख तक निरन्तर प्रेषित् करें।

3- उद्योग इकाई में परीक्षण उत्पादन तब तक प्रारम्भ नहीं करें, जब तक कि वह बोर्ड से जल अधिनियम एवं वायु अधिनियम के अन्तर्गत सहमति (CTO) प्राप्त न कर ले। जल एवं वायु सहमति (CTO) प्राप्त करने हेतु इकाई में उत्पादन प्रारम्भ करने की तिथि से कम से कम 2 माह पूर्व निर्धारित सहमति आवेदन पत्रों को उत्पादन पूर्व प्रथम आवेदन का उल्लेख करते हुए इस कार्यालय में अवश्य जमा कर दिया जाये। यदि, उद्योग उपरोक्त का अनुपालन नहीं करता है तो उक्त अधिनियमों के वैधानिक प्राविधानों के अन्तर्गत उद्योग के विरुद्ध बिना किसी पूर्व सूचना के विधिक कार्यवाही की जा सकती है।

4- उद्योग में परीक्षण उत्पादन से पूर्व क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा इकाई का निरीक्षण सुनिश्चित कराया जाये।

5- घरेलू उत्प्रवाह की मात्रा 2.0कि0ली0/दिन से अधिक नहीं होगी। जनित घरेलू उत्प्रवाह को सोकपिट के माध्यम से सेप्टिक टैंक में निस्तारित किया जाये।

6- उद्योग प्रतिवर्ष माह सितम्बर तक पर्यावरणीय वक्तव्य प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

7- यह स्थापना हेतु सहमति पत्र **दिनांक जारी होने की तिथि से05वर्ष** तक की अवधि के लिए वैध होगा।

8- उद्योग का संचालन इस प्रकार से किया जाये, कि परिवेशीय वायु गुणवत्ता सदैव बोर्ड मानकों के अनुरूप रहे।

9- उद्योग से जनित ठोस अपशिष्ट पदार्थो को इस प्रकार निस्तारित किया जाये कि जल, वायु तथा मृदा प्रदूषण की सम्भावना न रहे।

10- उद्योग का संचालन इस प्रकार किया जाये, कि प्रदूषण सम्बन्धी शिकायतें प्राप्त न होवें। प्रदूषण सम्बन्धी जन -शिकायतें प्राप्त होने एवं पुष्टि होने पर स्थापना हेतु सहमति पत्र रिवोक (निरस्त) कर दी जायेगी। जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व उद्यमी का होगा।

11- उद्योग परिसर में चारों तरफ कम से कम 3 कतारों वाली हरित पट्टिका विकसित की जाये। हरित् पट्टिका हेतु सघन तथा छायादार वृक्षो का चयन किया जाये। हरित् पट्टिका हेतु निर्धारित भूमि पर निर्माण कार्य न किया जाये।

12- उद्योग परिसर में रूफटाप रेनवाटर हार्वेस्टिंग की व्यवस्था की जाये।

13- उद्योग में परिसंकटमय एवं अन्य अपशिष्ट (प्रबन्धन एवं ट्रांसबाउण्ड्री मूवमेन्ट) नियम, 2016 का अनुपालन सुनिश्चित करें तथा उत्पादन से पूर्व परिसंकटमय अपशिष्ट के विस्तारण हेतु बोर्ड से प्राधिकार प्राप्त किया जाये।
14- उद्योग में खतरनाक/परिसंकटमय रसायन विनिर्माण, भण्डारण एवं आयात नियम, 1989 का पालन किया जाये।
15- उद्योग में सुरक्षा सम्बन्धी समस्त उपाय किये जायें तथा उत्पादन प्रारम्भ करने से पूर्व सक्षम विभागों से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्त किया जाये।
16- उद्योग में प्रस्तावित वायु प्रदूषण नियंत्रण व्यवस्था के प्रभावी संचालन हेतु पृथक विद्युत मीटर की स्थापना सुनिश्चित की जाये। उक्त हेतु प्रतिदिन विद्युत/रसायनों की खपत का विवरण लाग बुक में दर्ज किया जाये।
17- उद्योग में बोर्ड की पूर्वानुमति के बिना बायलर/ओवन अतिरिक्त डी0जी0 सेट, फर्नेश आदि की स्थापना न की जाये।
18- यह स्थापनार्थ सहमति जल अधिनियम एवं वायु अधिनियम के अन्तर्गत निर्गत की जा रही है। उद्योग सक्षम विभागों से आवश्यक अनुमति प्राप्त करना सुनिश्चित कर लें।
19- इंगित स्थल के विधिक भूमि उपयोग एवं नियमानुसार अन्य विभाग से वांछित स्वीकृति अवश्य प्राप्त कर ली जाये।
20- विद्युत उत्पादन के लिए प्रयुक्त नदी जल की मात्रा 50 CUM/Sec से अधिक नहीं होगी, नदी के ई. प्रवाह को शासन द्वारा निर्धारित नियमानुसार नियमित करते हुए पुनः नदी में निस्तारित किया जाना होगा।

कृपया ध्यान दें कि उपर्युक्त लिखित विशिष्ट शर्तों एवं सामान्य शर्तों का प्रभावी एवं सन्तोषजनक अनुपालन न करने पर बोर्ड द्वारा निर्गत स्थापनार्थ सहमति (CoE) पत्र निरस्त कर दिया जायेगा। बोर्ड का अधिकार सुरक्षित है, कि स्थापनार्थ सहमति पत्र (CTE) की शर्तों में संशोधन किया जाये अथवा निरस्त कर दिया दिया जाये।

उपर्युक्त विशिष्ट एवं सामान्य शर्तों के सम्बन्ध में उद्योग द्वारा इस कार्यालय में दिनांक 31.01.2020 तक प्रथम अनुपालन आख्या अवश्य प्रेषित् की जाये। अनुपालन आख्या नियमित प्रेषित् की जाये, अन्यथा स्थापना सहमति पत्र निरस्त कर दिया जाएगा।

भवदीय

(एस.पी. सुबलि)
सदस्य सचिव

पृ0 सं0 एवं दिनांक/उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपि :- क्षेत्रीय अधिकारी, उत्तराखण्ड पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, हल्द्वानी, जिला-नैनीताल को सूचनार्थ एवं उपरोक्त के अनुपालन हेतु प्रेषित।

मुख्य पर्यावरण अधिकारी

क्षेत्रीय कार्यालय
उत्तराखण्ड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड
आवास विकास कालोनी, हल्द्वानी (नैनीताल)
UKPCB
Ph No.- 05946-225618, 221532 Web Site-www.ueppcb.uk.gov.in

Ref: UKPCB/ROH/ रेट/485/23/1567-551 Dt- 18/10/2023

सेवा में,

सदस्य सचिव महोदय,
उत्तराखण्ड़ प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड,
देहरादून।

विषय– मै0 खुटानी पावर कम्पनी प्रा0लि0 द्वारा ग्राम–बनकोट तहसील गणाई गंगोली जनपद–पिथौरागढ़ में बिना स्थापनार्थ सहमति प्राप्त किये स्टोन केशर की स्थापना के संबंध में।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक मा0 राष्ट्रीय हरित अधिकरण में योजित मूल आवेदन सं–485/2023, दीवान सिंह बनाम उत्तराखण्ड राज्य में पारित किये गये आदेश दिनांक 04/08/2023 के अनुपालन में गठित समिति द्वारा मै0 खुटानी पावर कम्पनी प्रा0लि0 ग्राम–बनकोट तहसील गणाई गंगोली जनपद–पिथौरागढ़ में 21 मेगावाट क्षमता के निर्माणाधीन विद्युत परियोजना का निरीक्षण दिनांक 26.09.2023 को किया गया है। निरीक्षण के दौरान निर्माणाधीन परियोजना के मलवा निस्तारण स्थल–1 बटगेरी के पास राज्य बोर्ड से बिना स्थापनार्थ सहमति प्राप्त किये स्टोन केशर के रैम्प एवं डक यार्ड स्थापना का कार्य निर्मित पाया गया तथा वर्तमान तक इकाई द्वारा स्थापनार्थ सहमति हेतु बोर्ड की ऑनलाईन व्यवस्था में आवेदन नहीं किया गया है जोकि जल/वायु अधिनियमों तथा ई0पी0 एक्ट का उल्लंघन है।

अतः मै0 खुटानी पावर कम्पनी प्रा0लि0 को को कारण बताओं नोटिस निर्गत करने एवं पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति अधिरोपित किये जाने की संस्तुति निम्न घटकों सहित आवश्यक कार्यवाही हेतु सादर प्रेषित की जा रही है।

S.No	Factor	Value
1	Pollution Index of Industrial Sector (PI)	40
2	Numbers of days of voilation (N)	संयुक्त निरीक्षण तिथि 26.09.2023 से उद्योग द्वारा अनुपालन किये जाने की तिथि तक।
3	A Factor in Rupees for EC (R)	100/-
4	Factor for Scale of operation (S)	0.5
5	Location Factor (LF)	1
6	Violation Factor (VF)	1.5

भवदीय

(डॉ0 डी0के0जोशी)
क्षेत्रीय अधिकारी

Scanned with CamScanner

उत्तराखण्ड शासन
औद्योगिक विकास (खनन) अनुभाग–1
संख्या:2328/VII-A-1/2021/135 ख/2014
देहरादून, दिनांक05 जनवरी, 2022

कार्यालय ज्ञाप

श्री गणेश दत्त मैनवाल पुत्र श्री केशव दत्त निवासी ग्राम पगना जनपद व तहसील बागेश्वर के पक्ष में शासनादेश संख्या 2024/VII-1/135–ख/2014 दिनांक 02–01–2017 द्वारा जनपद बागेश्वर की तहसील काफलीगैर के ग्राम पगना में आशय पत्र पर स्वीकृत 13.996 है0 क्षेत्रफल पर 50 वर्ष की अवधि के लिए खनिज सोपस्टोन का खनन पट्टा चाहने हेतु आशय पत्र निर्गत हुआ है।

2– निदेशक, भूतत्व एवं खनिकर्म इकाई, उत्तराखण्ड, देहरादून के पत्र संख्या –3855/मु0ख0/126/सोपस्टोन/76/बागे0/खनन/भू0खनि0ई0/(2007–08) दिनांक 22 दिसम्बर, 2021 द्वारा उपलब्ध कराये गये प्रस्ताव के क्रम में श्री गणेश दत्त मैनवाल पुत्र श्री केशव दत्त निवासी ग्राम पगना जनपद व तहसील बागेश्वर के पक्ष में प्रस्तगत प्रकरण में आशय पत्र की शर्तो की अनुपालना में अद्यतन हुये लगभग 53 माह के विलम्ब का मर्षण का करते हुए उत्तराखण्ड गौण खनिज नीति, 2015 (समय–समय पर यथा संशोधित) के प्रावधानानुसार जनपद बागेश्वर की तहसील काफलीगैर के ग्राम पगना में आशय पत्र पर स्वीकृत 13.996 है0 सीमांकित 12.418 है0 भूमि में खनन पट्टा 50 वर्ष की अवधि हेतु निम्नवत स्वीकृत किये जाने का निर्णय लिया गया है:–

क्र0 सं0	खनिज का नाम	सोपस्टोन
1.	क्षेत्रफल	जनपद बागेश्वर की तहसील काफलीगैर के ग्राम पगना में आशय पत्र पर स्वीकृत 13.996 है0 सीमांकित 12.418 है0 में जोतदार के नाम दर्ज श्रेणी 1(क) की भूमि का क्षेत्रफल 09.324 है0, श्रेणी (5) की भूमि का क्षेत्रफल 0.623 है0, राज्य सरकार की भूमि का क्षेत्रफल 02.361 है0 व सार्वजनिक उपयोग की भूमि 0.110 है0 है। इस प्रकार आवेदित क्षेत्रान्तर्गत कुल भूमि का रकबा 12.418 है0 भूमि को सम्मिलित किया गया है जो एक सहत खण्ड में है।
2.	अवधि	खनन पट्टा के पंजीयन की तिथि से 50 वर्ष
3.	अपरिहार्य भाटक	उत्तराखण्ड उपखनिज परिहार नियमावली–2001 के द्वितीय अनुसूची एवं उसमें समय–समय पर होने वाले संशोधनों के अनुसार।
4.	स्वामित्व (रायल्टी)	उत्तराखण्ड, उपखनिज परिहार नियमावली–2001 के प्रथम अनुसूची एवं उसमें समय–समय पर होने वाले संशोधनों के अनुसार।
5.	जिला खनिज फाउन्डेशन में अंशदान (डी0एम0एफ0)	शासनादेश दिनांक 14 फरवरी 2018 के प्राविधानानुसार रायल्टी का 25 प्रतिशत।
6.	अन्य कर	राजकीय नियमानुसार ।

अतिरिक्त शर्तें:

7.1 शासनादेश के दिनांक से छः माह के भीतर समुचित पट्टा विलेख निष्पादित नही किया जाता है तो, शासनादेश बिना किसी पूर्व सूचना के ही आवेदन शुल्क जब्त करते हुये प्रतिसंहृत कर दिया जायेगा।

7.2 वन विषयक यदि स्वीकृत क्षेत्र का कोई भाग वन भूमि में पाया जाता हो या घोषित होता है, पर वन संरक्षण अधिनियम–1980 के अनुसार वनभूमि पर पर्यावरण एवं वन मंत्रालय भारत सरकार से अनुमति प्राप्त की जानी होगी।

7.3 आवेदकगण को खनन पट्टा विलेख की शर्तो/शासकीय आदेशों/निदेशालय द्वारा जारी आदेशों/खनन नियमों/शासनादेशों/ स्थानीय आदेशों का पूर्ण रूप से पालन करना होगा।

7.4 आशय पत्र पर स्वीकृत 13.996 है0 सीमांकित 12.418 है0 क्षेत्रान्तर्गत सार्वजनिक उपयोग की कुल भूमि 0.110 है0 क्षेत्रफल में खनन कार्य निषिद्व होगा तथा राज्य सरकार की भूमि 02.361 है0, का राजस्व विभाग द्वारा निर्धारित दरों के अनुसार Lease rent का भुगतान जिलाधिकारी बागेश्वर द्वारा निर्धारित विधि एवं दर से राजकोष में जमा किया जायेगा।

7.5 प्रस्तावित स्थल से सोपस्टोन के अतिरिक्त अन्य खनिजों के निकलने की दशा में बिना सक्षम स्तर से अनुमति प्राप्त किये अन्य खनिजों का दोहन/निकासी ना किये जाने की व्यवस्था की गयी है का उल्लेख किया गया है। कार्यालय के पत्र संख्या 1917/मु0ख0/खनन/141/भू0खनि0ई0/2020–21 दिनांक 07 नवम्बर 2020 के द्वारा खनिज सोपस्टोन के आवेदित क्षेत्रों में उपलब्ध मैग्नेसाईट, लाईम स्टोन की उपलब्धता के सम्बध में

(Limit) का निर्धारण किये जाने हेतु कन्ट्रोलर जनरल खान मंत्रालय भारतीय खान ब्यूरो इन्दिरा भवन सिविल लाईन्स नागपुर से मार्ग-दर्शन प्राप्त किये जाने हेतु पत्र प्रेषित किया गया है, जिसके सम्बन्ध में अद्यतन तक मार्ग-दर्शन अपेक्षित है। आवेदक के पक्ष खनन पट्टा स्वीकृति के उपरान्त खनन कार्य के दौरान निकलने वाले अन्य खनिज तथा मुख्य खनिज को एकत्रित कर रखेगा जिसका निस्तारण भारतीय खान ब्यूरो इन्दिरा भवन सिविल लाईन्स नागपुर से प्राप्त होने वाले दिशा-निर्देशानुसार के अनुसार निस्तारण किया जाना होगा।

7.6 आवेदकगण द्वारा उत्तराखण्ड राज्य पर्यावरण समाघात निर्धारण प्राधिकरण उत्तराखण्ड, 653 इंदिरा नगर कालोनी सीमाद्वार रोड, देहरादून से पर्यावरण अनुमति संख्या 224-01(107)/2019, दिनांक 25.05.2021 की समस्त शर्तों की अनुपालना किया जाना अनिवार्य होगा।

7.7 आवेदकगण द्वारा उत्तराखण्ड पर्यावरण संरक्षण एवं प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड देहरादून से खनन पट्टा विलेख से पूर्व CTO प्राप्त कर प्रस्तुत करना होगा।

7.8 भूस्वामियों की सहमति के सम्बन्ध में उपजिलाधिकारी बागेश्वर के पत्र संख्या 1658/रीडर-खनन जांच/2020-21 दिनांक 13 दिसम्बर, 2021 के द्वारा अवगत कराया गया है कि आवेदक के आवेदन पत्र के साथ पूर्व में 43 भूमिधरों की अनापत्तियां प्राप्त थी। जिनका अंश सत्यापन उपरान्त 4.582 है0 आता है। वर्तमान में आवेदक द्वारा आवेदित क्षेत्रान्तर्गत आने वाले 12 भूमिधरों की अनापत्ति पुनः प्रस्तुत की गयी है। सत्यापन उपरान्त जिनका अंश 01.303 है0 आता है। पट्टाधारक खनन किये जाने वाले खेत/खसरा की सूचना सम्बन्धित जनपद के जिलाधिकारी/जिला खान अधिकारी एवं सम्बन्धित तहसील के उपजिलाधिकारी के कार्यालय में देगा। जिस खेत/खसरा में खनन हो रहा है, उसके भूस्वामी से किये गये अनुबन्ध की छायाप्रति खनन कार्य प्रारम्भ करने से 15 दिन पूर्व जिला खान अधिकारी को प्रस्तुत करना आवश्यक होगा।

7.9 खनन पट्टा विलेख के निष्पादन हेतु स्टाम्प ड्यूटी का आगणन उप निबंधक बागेश्वर से कराया जाना होगा।

7.10 पट्टाधारक द्वारा प्रत्येक वर्ष अनुमोदित खनन योजना में प्रतिवर्ष निर्धारित लक्ष्य को उत्तराखण्ड उपखनिज परिहार नियमावली 2001 (समय-समय पर यथा संशोधित) के प्रथम अनुसूची में खनिज की निकासी के समय प्रभावी रायल्टी दर से गुणा कर प्राप्त रायल्टी की धनराशि को सुसंगत लेखाशीर्षक 0853 अलौह धातू खनन, एवं धातूकर्म उद्योग, 102 खनिज रायल्टी शुल्क एवं स्वत्व, 01 खनिज रियायती शुल्क एवं स्वत्व शुल्क में जमा कराया जाना होगा।

(ख) खनन पट्टाकृत भूमि के लिए अपरिहार्य भाटक का भुगतान केवल उस दशा में लागू होगा जबकि खनन पट्टा क्षेत्रान्तर्गत अपरिहार्य परिस्थितियों में पट्टाधारक द्वारा खनिज का उत्पादन/निकासी किया जाना सम्भव न हो। पट्टाधारक द्वारा उल्लिखित अपरिहार्य परिस्थितियों का आकलन सम्बन्धित जनपद के जिलाधिकारी एवं निदेशक, भूतत्व एवं खनिकर्म इकाई की संस्तुति पर राज्य सरकार द्वारा किया जायेगा।

7.11 पट्टाधारक खनिज सोपस्टोन की रायल्टी की दर के 25 (पच्चीस) प्रतिशत का भुगतान जिला खनिज फाउन्डेशन न्यास के बैंक खाते में पृथक से जमा करेगा।

7.12 उत्तराखण्ड उपखनिज परिहार नियमावली, 2001 की अनुसूची-1 रायल्टी व 2 अपरिहार्य भाटक के अन्तर्गत किराया (रायल्टी) (यहाँ के बाद 'कथित' नियमावली कहलायेगी) द्वारा अधिसूचना सं0 211/VII-1/24-ख/2007 दि0 26-2-2016 एवं अधिसूचना सं0 1757/VII-I/24-ख/2007 दि0 22-11-2016 एवंम यथा संशोधित नियमावली यदि इन प्रपत्रों की नियमों एवं शर्तों के अन्तर्गत कोई किराया, रायल्टी या अन्य राशि जो राज्य सरकार को देय हो का भुगतान पट्टेदार द्वारा समयसीमा में नहीं किया जाता तो उसे 24 प्रतिशत प्रतिवर्ष सामान्य ब्याज के साथ उससे उत्तराखण्ड सरकार के एक प्रमाण-पत्र पर भू राजस्व के बकाया की तरह वसूल किया जायेगा।

7.13 निदेशक भूतत्व एवं खनिकर्म द्वारा खनन योजना/स्कीम ऑफ माईनिंग हेतु जारी दिशा निर्देश सम्बन्धी पत्र संख्या 1762/ खनन/गौण खनिज-माईनिंग प्लान/26/भू0खनि0ई0/2015-16 दिनांक 31 अक्टूबर 2015, पत्र सं0 301/मु0ख0/26(टी0सी0) भू0खनि0ई0/2015-16 दिनांक 17 जून 2020 एवं संख्या 302/मु0ख0/26(टी0सी0) भू0खनि0ई0/2015-16 दिनांक 17 जून 2020 के सम्बन्ध में कुमाऊं माइन एसोशियेशन उत्तराखण्ड के प्रत्यावेदन दिनांक 29-07-2021 के क्रम में सचिव खनन की अध्यक्षता में दिनांक 04-08-2021 को आहूत बैठक के कार्यवृत्त के बिन्दु संख्या-4 खनन पट्टा क्षेत्रान्तर्गत खनिज की गुणवत्ता/सत्यापन हेतु Core Drilling के सम्बन्ध में शासन द्वारा किये जाने वाले अन्तिम निर्णय प्रश्नगत प्रकरण में लागू होगे। जो कि पट्टाधारक को मान्य होगा।

अतएव यदि आवेदक उपरोक्त शर्तों के आधार पर आशय पत्र पर स्वीकृत 13.996 है0 सीमांकित 12.418 है0 भूमि पर सोपस्टोन का खनन पट्टा लेने हेतु सहमत हो, तो अपनी लिखित सहमति एवं खनन पट्टा विलेख भूतत्व एवं खनिकर्म इकाई, देहरादून कार्यालय के माध्यम से आलेख को भारतीय स्टाम्प अधिनियम के अनुसार निर्धारित स्टाम्प पर टंकित करवा कर शासन को प्रस्तुत करना होगा।

(लक्ष्मण सिंह)
